मोरनी क्षेत्र में सूक्ष्म सिंचाई के लिये लगाई जाएगी बड़ी परियोजना

चर्चा में क्यों?

19 जून, 2023 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में चंडीगढ़ में हुई उच्चाधिकार प्राप्त क्रय समिति (एचपीपीसी) की बैठक में शिवालिक पर्वत श्रृंखलाओं में बसे राज्य के पंचकूला ज़िले के मोरनी क्षेत्र के किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से क्षेत्र में सूक्ष्म सिंचाई की एक बड़ी परियोजना लगाने के निर्णय को मंज़ूरी प्रदान की गई।

प्रमुख बिंदु

- मोरनी क्षेत्र में सूक्ष्म सिंचाई की परियोजना के अलावा, बैठक में लगभग 87 करोड़ रुपए से अधिक की खरीद व कॉन्ट्रैक्ट को मंज़ूरी दी गई।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि मोरनी खंड में टपरिया, कंडियावाला, कैंबवाला, खैरवाली परवाला और लश्करीवाला गाँवों के लिये सौर ऊर्जा संचालित एकीकृत सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के क्रियान्वयन से न केवल सिंचाई की सुविधा मिलेगी, बल्कि इस क्षेत्र में उत्पादन में भी बढ़ोतरी होगी।
- इस पायलट प्रोजेक्ट के सफल होने के बाद प्रदेश में अन्य स्थानों पर भी ऐसे प्रोजेक्ट लगाए जाएंगे।
- बैठक में बताया गया कि एकीकृत सूक्ष्म सिंचाई परियोजना के तहत इंफिल्ट्रेशन गैलरी बनाई जाएगी, जिससे साफ पानी को आगे भेजा जाएगा। पाइपलाइन तथा कुहल के माध्यम से पानी को स्टोरेज टैंक तक पहुँचाया जाएगा, जहाँ सूक्ष्म सिंचाई के लिये ड्रिप इरिगेशन प्रणाली स्थापित की जाएगी।
- लगभग 20 करोड़ रुपए की लागत से क्रियान्वित होने वाली इस परियोजना से लगभग 1280 एकड़ क्षेत्र को सिंचाई का लाभ होगा।
- बैठक में गुरुग्राम ज़िला में गाँव बास पदमका से सिवारी तक इंदौरी नदी का पुनरुद्धार की परियोजना को भी मंज़ूरी दी गई। इस पर लगभग 20 करोड़ 80 लाख रुपए की लागत आएगी।
- इसके अलावा, सिंचाई विभाग की लगभग 10 करोड़ रुपए से अधिक की एक और परियोजना को मंज़ूरी दी गई। इसके तहत, लाखन माजरा लिंक ड्रेन पर वीआर पुलों का पुन: निर्माण किया जाएगा।
- बैठक में आदमपुर में 2 इंटरमीडिएट पंपिंग स्टेशन बनाने के साथ ही सीवरेज नेटवर्क सिस्टम स्थापित करने के प्रोजेक्ट को भी मंज़ूरी प्रदान की गई। इस पर लगभग साढ़े 34 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/a-big-project-will-be-set-up-for-micro-irrigation-in-morni-area